प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

एक्सिओम–लैंडिंग

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–4 मिशन के चालक दल के तीन अन्य सदस्य अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने 18 दिन के ऐतिहासिक मिशन के बाद सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान आज दोपहर बाद अमरीका के कैलिफ़ोर्निया के सैन डिएगो तट से दूर प्रशांत महासागर में उतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष मिशन से अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी की सराहना की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष से उनके पृथ्वी पर लौटने का राष्ट्र स्वागत करता हैं।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा से जल शक्ति विभाग को पांच सौ करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। सबसे अधिक दो सौ करोड़ रूपए का नुकसान सराज विधानसभा क्षेत्र में हुआ है। अग्निहोत्री ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार राहत व पुनर्वास कार्यों में काई कमी नहीं छोड़ रही है। उन्होंने ये भी कहा कि जयराम ठाकुर सराज से हैं और उनका दर्द भी जायज है, लेकिन कांग्रेस आपदा में राजनीति नहीं करती।

अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष किसको बनाना है ये पार्टी हाईकमान को तय करना है लेकिन संगठन के गठन में देर नहीं होनी चाहिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआरटीसी चालकों और परचालकों की मांगों को वार्ता कर सुलझा लिया जाएगा।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज शिमला में भांग की खेती को वैध करने को लेकर बनाए जा रहे ड्राफ्ट रूल्स पर चर्चा हुई और विभिन्न पहुलाओं पर विचार–विमर्श किया गया। ड्राफ्ट रूल्स संसोधन के बाद ये एजेंडा मंत्रिमंडल की बैठक में ले जाने का निर्णय लिया गया।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि पार्टी के सभी नेता प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के पहले दिन से ही फील्ड में उतरकर काम कर रहे हैं ना कि राजनीति। सुरेश कश्यप ने आज शिमला में कहा कि पार्टी के सभी सातों सांसदों ने राहत सामग्री एकत्र करने और उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सांसद निधि के पैसे का भी आपदा से हुए नुकसान के राहत कार्यों में इस्तेमाल किया जाएगा। कश्यप ने कहा कि अभी तक प्रदेश को केंद्र से आपदा से निपटने के लिए पांच हजार एक सौ 52 करोड़ रूपए की राहत राशि मिली है।

गोविंद ठाकुर

भाजपा के प्रदेश के उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा पानी के बिलों में अधिक बढ़ोतरी जनता के साथ अन्याय है। गोविंद सिंह ठाकुर ने आज मनाली के माल रोड़ पर एक विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार ने जल शक्ति विभाग के माध्यम से प्रदेश की जनता पर पानी की दरों के रूप में अत्याधिक बढ़ोतरी कर अमानवीय आर्थिक बोझ डाला है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को राहत देने के बजाय उसकी कमर तोड़ने का काम कर रही है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आगामी 20 जुलाई तक प्रदेश के किन्नौर और लाहौल स्पिति जिलों को छोड़ कर अन्य सभी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। प्रदेश में भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण अभी भी दो सौ 20 सड़कें बंद हैं जबकि बिजली के 67 ट्रांसफार्मर और एक सौ 53 पेयजल भी बाधित हैं।

————————————